हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 17 अक्टूबर, 2025

11 बाल दिवस प्रतियोगिता : बच्चों ने क्लासिकल डांस में मचाई धूम



12 त्योहारी सीजन को लेकर पुलिस हाई अलर्ट पर...




## खबर संक्षेप

### पटाखों के अस्थायी लाइसेंस के लिए ड्रा आज

**टोहाना।** उपमंडलाधीश आकाश शर्मा ने बताया कि दीपावली पर्व के अवसर पर द एक्सप्लसिव नियम, 2008 के 84 अनुसार पटाखे /आतिशबाजी केवल ग्रीन पटाखों की स्टाल के लिए 18 से 20 अक्टूबर तक अस्थाई लाईसेंस जारी किए जाएगें। पहले 17 अक्टूबर को शाम 5 बजे ड्रा निकाले जाने निर्धारित थे, अब यह ड्रा 17 अक्तूबर को प्रातः 11 बजे आयोजित कर स्टॉल आवंटित किए जाएंगे।

### तीन दिन अनाज मंडी में रहेगा अवकाश

**फतेहाबाद।** त्यौहारों के चलते तीन दिन तक फतेहाबाद अनाज मण्डी में अवकाश रहेगा और किसी तरह की फसलों की व्यापारियों द्वारा खरीद नहीं की जाएगी। दीपावली पर अवकाश को लेकर व्यापार मंडल अनाज मण्डी फतेहाबाद की बैठक प्रधान जगदीश भादू की अध्यक्षता में हुई।

### समागम गुरुद्वारा सिंह सभा में आज

**फतेहाबाद।** गुरु तेग बहादुर, भाई मतीदास, भाई सतीदास और भाई दियाला के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित समागम जगजीवनपुरा स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में 17 अक्टूबर शुक्रवार को आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए गुरुद्वारा सिंह सभा के महासचिव महेंद्र सिंह वधवा ने बताया कि संगत द्वारा इसी उपलक्ष्य में शुरु किए गए सहज पाठों का भोग भी डाला जाएगा। उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे से साढ़े दस बजे तक अरदास होगी।

## जीएसटी में कमी का बाजार में असर

# धनतेरस और दिवाली को लेकर वाहनों की बुकिंग बढ़ी






**फतेहाबाद।** ज्वैलर्स शोरूम में खरीददारी करती महिलाएं व इलैक्ट्रोनिक्स शोरूम में आया नया स्टॉक। *फोटो: हरिभूमि*

### इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल व सर्राफा बाजार में चमक

सुरेन्द्र असीजा ⏭ फतेहाबाद

कल शनिवार को धनतेरस पर्व को लेकर अभी से शहर के बाजार आज से ही गुलजार हो गए है। बाजारों में धनतेरस और दिवाली तक उत्साह और उत्सव का माहौल रहेगा। विभिन्न उत्पादों पर जीएसटी कम होने से कीमतें कम हो गई हैं। जिसका असर यह है कि यहां गाड़ियों और टू व्हीलरों की एडवांस बुकिंग पिछले साल से दोगुना है। वाहन ही नहीं इलेक्ट्रॉनिक्स आइटमों जैसे टीवी, एसी आदि भी 3 से 4 हजार तक सस्ते होने से इनकी खरीदारी में भी रिकार्ड बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। बारिश के अच्छे दौर से किसानों की फसलों के अच्छे उत्पादन से बाजार में पैसा आने की उम्मीद बढ़ी है। फसल खरीद की एवज में सरकारी खरीद एजेंसियां अब तक किसानों को 403 करोड़ का भुगतान कर चुकी है। इसके अलावा बासमती धान व नरमे के एक्सपोर्टरों ने भी करीब 600 करोड़ का किसानों को भुगतान किया है। यह सभी पैसा अब बाजार में आने से दुकानदारों और व्यापारियों को इस साल अच्छी सेल की उम्मीद है।

### शादियों के सीजन में होगा लाभ

केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में किए गए हालिया बदलाव से शादी करने वाले परिवारों को बड़ी राहत मिली है। देवउठनी के बाद से शादियों का सीजन भी शुरू हो जाएगा। 20 से 25 लाख खर्च वाली शादी पर 80 हजार से एक लाख रुपए तक कम खर्च होगा। अब कैटरिंग और वेन्यू सेवाओं पर टैक्स दर 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इसी तरह मिठाई, स्नैक्स, घी, पनीर और अन्य डेयरी उत्पादों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। शैम्पू, साबुन, टूथपेस्ट जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी सस्ती हो गई हैं। वहीं छोटे घरेलू उपकरण और 350 सीसी से कम क्षमता वाली बाइक्स पर टैक्स दर 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत होने से जेब पर बोझ हल्का होगा। भवन निर्माण सामग्री पर के रेट भी कम हो गए हैं, जिसका सीधा लाभ आम उपभोक्ताओं को मिल रहा है।

### धनतेरस पर बर्तनों की होगी जमकर खरीदारी

सर्राफा, बर्तन, कपड़ा मार्केट के अलावा हार्डवेयर, भवन निर्माण कारोबार के व्यापारियों को भी इस साल दीवाली से काफी उम्मीद हैं। धनतेरस के दिन बर्तनों वाली दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है।

### सर्राफा बाजार में रेट बढ़े

सर्राफा बाजार में जीएसटी में बदलाव नहीं है लेकिन पिछले कुछ दिनों से सोने व चांदी के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके बावजूद बाजार में इसके खरीदारी अच्छी रहने की उम्मीद है। लाइट बेट आभूषण की तरफ रुझान बढ़ा है। शहर के प्रमुख विशाल ज्वैलर्स के मालिक अनिल असीजा ने कहा कि आगे और रेट न बढ़ जाए, इसको लेकर ग्राहक खरीदारी में रूचि ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में अच्छी खरीदारी की उम्मीद है।

### 100 करोड़ का इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार

जिले में 150 से अधिक इलेक्ट्रॉनिक्स के शोरूम हैं। इस बार दीवाली तक करीब 100 करोड़ का कारोबार की उम्मीद है। उपभोक्ता को जीएसटी कम होने से करीब 10 करोड़ की बचत होगी। एलईडी टीवी, एसी आदि पर 28 से घटकर 18 प्रतिशत जीएसटी होगा।

# मनचलों पर शिकंजा, काटे चालान

■ महिला सुरक्षा को लेकर जिलेभर में चलाया जा रहा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिलेभर में महिला सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में महिला सुरक्षा टीम द्वारा निरीक्षक मंजू सिंह के नेतृत्व में लगातार गश्त और निगरानी की जा रही है। टीम ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतिया, राजकीय विद्यालय रतिया और बस्ती भीवा के बाहर निरीक्षण कर छात्रों और आसपास के माहौल का जायजा लिया। इस दौरान हुड़दंगबाजी करने वाले और मनचलों पर सख्त कार्रवाई की गई तथा कई युवकों के चालान जारी किए गए। निरीक्षक मंजू सिंह ने बताया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीडऩ या अनुचित व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




**फतेहाबाद।** शिक्षण संस्थानों के बाद तैनात पुलिस कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

### संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को दे

छात्राओं व अभिभावकों से अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या असामाजिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलेभर में महिला सुरक्षा टीम लगातार सक्रिय है और किसी भी तरह की मनचली हरकत पर तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




## खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश

# जिला की मंडियों में 76,072 मीट्रिक टन धान की खरीद

■ हैफेड ने 38094 एमटी धान की खरीद की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 76,072 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। कुल आवक में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 33039 एमटी, हैफेड द्वारा 38094 एमटी तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन द्वारा 4909 एमटी खरीदी की गई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया एवं उठान में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### किसानों से अपील

उन्होंने बताया कि बड़ागुढ़ा मंडी में 992 एमटी, डबवाली मंडी में 9152 एमटी, कालांवाली मंडी में 22623 एमटी, फग्गु मंडी में 1672 एमटी, रानियां मंडी में 4344 एमटी, रोड़ी में 4226 एमटी, सिरसा मंडी में 9679 एमटी, सुरतिया मंडी में 2034 एमटी, ओढां में 2825 एमटी धान की खरीद दर्ज की गई, साथ ही जिला की अन्य मंडियों में भी धान की आवक जारी है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि धान को सुखाकर मंडी में लेकर आए, ताकि जल्द खरीद की जा सके। धान की फसल की कटाई के बाद फसल के अवशेषों को आग न लगाएं, बल्कि इन अवशेषों से पशुओं के लिए चारा बनाएं और इसे जमीन में मिलाकर उपजाऊ शक्ति बढ़ाएं।

# टेल तक नहीं पहुंच रहा पानी किसानों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

माइनरों की साफ-सफाई और नहर के जल्द पुनर्निर्माण की मांग

रानियां कस्बे के गांव खाई शेरगढ़ माइनर की टेल पर पानी न पहुंचने को लेकर किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि दस माह से पानी टेल तक पानी नहीं पहुंचा है। इससे किसानों को सिंचाई और पीने के पानी की गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने नहरी विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि लंबे समय से नहर की सफाई नहीं हुई है। नहर पुरानी होने के कारण कई जगहों से टूटी हुई है, जिससे पीछे से छोड़ा गया पानी रास्ते में ही रूक जाता है और टेल तक नहीं पहुंच पाता। किसानों ने बताया कि वे अपनी फसलों की सिंचाई के लिए माइनर के पानी पर निर्भर हैं। यहां तक कि उन्हें पीने का पानी भी टैंकरों से खरीदकर लाना पड़ता है। उन्होंने सिंचाई विभाग के मंत्री और जिलाधिकारी से माइनरों की साफ-सफाई और नहर के जल्द पुनर्निर्माण की मांग की है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### एसडीओं ने दिया आश्वासन

*इस मामले में जब एसडीओ रघुवीर शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि, भाखड़ा नहर में बारिश के कारण पानी समय से पहले आने से नहर की सफाई रोकनी पड़ी थी। उन्होंने स्वीकार किया कि नहर पुरानी होने के कारण जगह-जगह से टूटी हुई है, जिससे पानी का टेल तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। एसडीओ ने आश्वासन दिया कि नहर की जल्द ही मरम्मत और नवीनीकरण कर दिया जाएगा।*

## समाधान शिविर | एसडीएम राजेश कुमार ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

शिकायतों के त्वरित निपटान के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

# अशोक नगर में टावर लगाने पर रोक की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

लघु सचिवालय के सभागार में वीरवार को जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम राजेश कुमार ने की। एसडीएम राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि समाधान शिविरों में आई सभी शिकायतों के त्वरित निपटान के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके। एसडीएम राजेश कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय में जनता की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिकायत समाधान शिविरों में नागरिकों की भागीदारी सरकार और प्रशासन पर उनके भरोसे को दर्शाती है। समाधान शिविर में स्थानीय निवासी वीरेंद्र कुमार, श्रवण कुमार, पुष्पा रानी व भट्टू मंडी निवासी चानन ने राशन कार्ड दोबारा शुरू करवाने, खारा खेड़ी निवासी सुशील कुमार ने पीपीपी में माता-पिता का नाम दुरूस्त करवाने, सुनील कुमार ने पीएमएवाई-यू के तहत आवास बनवाने, चिंदड़ निवासी सतीश ने लिकेज ठीक करवाने, भूथन कलां निवासी ओम प्रकाश ने बिजली की तारों को ऊंचा उठवाने व उन पर रबड़ लगवाने, फतेहाबाद निवासी हरबंस असीजा ने इंतकाल संबंधी, अशोक नगर निवासी बलदेव कुमार ने रिहायशी एरिया में कंपनी का टावर लगाने से रोकने बारे, ढाबी खुर्द निवासी बहादुर सिंह ने पीपीपी में आय कम करवाने, टोहाना निवासी जोगा ने पीपीपी में व्यक्तियों के नाम हटवाने, अजीत नगर निवासी सतनाम सिंह ने बेटी के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने व राशन कार्ड बनवाने, खैराती खेड़ा निवासी चानन ने पीपीपी में बैंक खाता संबंधी डाटा दुरूस्त करवाने, भूथन कलां निवासी कुलदीप सिंह ने गांव में अवैध रूप से बन रही फिरनी, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण व सरकारी धन के दुरूपयोग संबंधी, माजरा निवासी पतासी ने गिरवी प्रोपर्टी पर कब्जा कार्यवाही पर स्टे लेने, जांडली कलां निवासी राजबीर ने मकान बनवाने आदि शिकायतें रखी।



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते प्रशासनिक अधिकारी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सीटीएम गौरव गुप्ता, डीएसपी कुलवंत सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



सेलिब्रेशन

चारों ओर जगमगाते दीपक, रंग-बिरंगी लाइट्स की लड़ियां, आतिशबाजी, ऐसा उल्लास से भरा माहौल होता है दीपावली का। लेकिन इस पर्व का असली मजा/आनंद वास्तव में कब आता है, बता रहे हैं टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स। ये आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं, इस बार दीपावली कैसे सेलिब्रेट करेंगे?

# दीपावली पर जगमगाएं खुशियां



## मेरे लिए दिवाली का असली मतलब है परिवार का प्यारा साथ : आयशा विंधारा

सोनी सब के शो 'इत्ती सी खुशी' में चिड़िया का रोल प्ले करने वाली आयशा विंधारा दिवाली का नाम सुनते ही उत्साह से भर जाती है। आयशा दिवाली कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'मैं अपने परिवार के साथ मिलकर दिवाली मनाती हूं। नई ड्रेसेस खरीदती हूं। रंग-बिरंगी लाइट्स और दीयों से घर को सजाती हूं। शाम को मैं और मेरी बहन मिलकर रंगोली बनाते हैं। दिवाली की रात मैं अपने पापा और दोस्तों के साथ पटाखे फोड़ती हूं। दिवाली मेरे लिए अधूरी है, अगर मुझे रसगुल्ला और काजू कतली खाने को नहीं मिले! दिवाली आते ही मेरे मन में एक अलग ही उत्साह भर जाता है।' आयशा आगे कहती है, 'मेरे लिए दिवाली सिर्फ रोशनी, दीये और पटाखों का त्योहार नहीं है। दिवाली का असली मतलब है- परिवार का प्यारा साथ। जब हम सब मिलकर हंसते हैं, खेलते हैं, बातें करते हैं, एक-दूसरे के साथ समय बिताते हैं, मेरे लिए यही सच्ची दिवाली होती है।' इस बार दिवाली पर अपनी खास प्लानिंग के बारे में आयशा बताती है, 'अबकी मैं दीये पेंट करके अनाथालय में बांटने जाऊंगी, ताकि वहां भी दिवाली की रोशनी और मुस्कान बिखरे। मैं अपने घर में बड़ी-सी रंगोली बनाऊंगी। और हां, इस बार मेरा बर्थ-डे भी दिवाली के आस-पास है, तो इस बार मेरे लिए दिवाली की खुशी दोगुनी है!' आयशा 'बालभूमि' के सभी दोस्तों को दिवाली का मैसेज देते हुए कहती है, 'दिवाली पर हम सभी घर सजाएं, दीये जलाएं। पटाखे कम फोड़ें ताकि पॉल्यूशन कम हो। मिठाई खाएं और बांटें। हम इस खूबसूरत त्योहार को प्यार और मुस्कान के साथ मनाएं।' *


## खुशियां बांटने का त्योहार है दिवाली
### एकांश काथरोटिया

सोनी सब पर हाल ही में शुरू हुए शो 'गणेश कार्तिकेय' में एकांश काथरोटिया, विघ्नहर्ता भगवान गणेश की भूमिका निभा रहा है। दिवाली उसका पसंदीदा त्योहार है।



एकांश कहता है, 'दिवाली खुशियों का त्योहार है। इस दिन हम नई ड्रेसेस पहनते हैं, मिठाइयां खाते हैं, बांटते भी हैं। दिवाली पर रंगोली बनाते हैं, दीये जलाते हैं, ईको-फ्रेंडली पटाखे और फुलझड़ियां जलाते हैं। माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं, दिवाली पर खुशियां मनाने के साथ-साथ हम अपनों के साथ खुशियां बांटते भी हैं।' एकांश के लिए दिवाली के क्या मायने हैं, वह बताता है, 'दिवाली के दिन भगवान श्रीराम रावण का वध करके और अपना वनवास पूर्ण करके अयोध्या लौटे थे। तब उनके स्वागत में पूरा अयोध्या दीपों से सजाया गया था, लोगों को अपार खुशी मिली थी। मेरे लिए दिवाली बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है।' इस बार दिवाली सेलिब्रेशन को लेकर अपनी प्लानिंग के बारे में एकांश चहकते हुए बताता है, 'अभी कुछ समय पहले ही हमारा सीरियल 'गणेश कार्तिकेय' ऑन एयर हुआ है। मेरे लिए तो दिवाली शुरू हो गई है। मैं इस दिवाली बहुत उत्साहित हूं। इस बार मैं सीरियल के सेट पर अपने को-स्टार्स के साथ दिवाली सेलिब्रेट करूंगा।' एकांश का 'बालभूमि' के दोस्तों को मैसेज है, 'अपने नन्हे प्यारे दोस्तों से मैं दिल से कहना चाहता हूं कि दीपावली का यह त्योहार आपके जीवन में खुशियां, समृद्धि लाए। माता लक्ष्मी का आशीर्वाद आप सबके साथ हमेशा बना रहे। हैप्पी दिवाली!' *

## दिवाली पर हर किसी के चेहरे पर हो स्माइल-हो ब्राइटनेस : आर्यन प्रजापति



एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ऋतिक की भूमिका निभा रहे आर्यन प्रजापति का नटखट अंदाज सबको खूब भा रहा है। ऋतिक को दिवाली का त्योहार बहुत पसंद है। वह दिवाली की तैयारी और इसके सेलिब्रेशन के बारे में बताता है, 'दिवाली आते ही सबसे पहले हम लोग घर की साफ-सफाई में जुट जाते हैं। मैं अपने कमरे को लाइट्स और पोस्टर्स से डेकोरेट करता हूं। पापा के साथ मिलकर दीये सजाता हूं। दिवाली के मौके पर मम्मी के हाथों से बनी मिठाई खाना बहुत अच्छा लगता है। रात को पूजा होती है फिर सेल्फी टाइम!' आर्यन के लिए दिवाली सिर्फ एक त्योहार भर नहीं है, वह कहता है, 'दिवाली का मतलब है, टेंशन भूलकर दोस्तों और फैमिली के साथ एंज्वॉय करो।' आर्यन की नजर में दिवाली साथ-साथ खुशियां बांटने का त्योहार है। वह बताता है, 'मैं और मेरी सिस्टर मिलकर गरीब बच्चों को कपड़े और मिठाई बांटते हैं। हम इनके घर जाकर इनके साथ दीये भी जलाते हैं। उनकी मुस्कान देखकर लगता है, हमारी दिवाली डबल स्पेशल हो गई।' 'बालभूमि' के दोस्तों को आर्यन मैसेज देता है, 'गाइज, दिवाली खूब एंज्वॉय करो, लेकिन सेफ्टी और नेचर का भी ध्यान रखो। दिवाली का असली मजा तब है, जब हर किसी के चेहरे पर ब्राइटनेस हो, स्माइल हो।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स



लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल, जापान



न्यू ईयर ईव फायरवर्क, चीन

# दुनिया की मशहूर आतिशबाजियां

रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चो, भारत में शानदार जोरदार आतिशबाजी दीपावली के अवसर पर देखी जाती है। विदेशों में भी अलग-अलग अवसरों पर आतिशबाजी से जुड़े बहुत ही मनमोहक आयोजन होते हैं। जानो, दुनिया के कुछ मशहूर आतिशबाजी इवेंट्स के बारे में।



**मॉन्ट्रियल इंटरनेशनल फायरवर्क कॉम्पिटिशन, कनाडा:** यह दुनिया की सबसे बड़ी आतिशबाजी प्रतियोगिता है। यहां बेहतरीन म्यूजिक के साथ-साथ शानदार आतिशबाजी का कॉम्पिटिशन आयोजित किया जाता है। विजेताओं को ट्रॉफी दी जाती है। महीने भर तक चलने वाले इस उत्सव में



दूर-दूर से लाखों लोग आते हैं। वैसे तो इसे देखने के लिए टिकट लेना पड़ता है, लेकिन सेंट लॉरेंस नदी या माउंट रॉयल पार्क के पास से इसे मुफ्त में भी देखा जा सकता है।

**लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल, जापान:** जापान की सबसे बड़ी झील लेक बीवा में अगस्त माह में आतिशबाजी का शानदार शो आयोजित किया जाता है। उत्सव के दौरान 10,000 रंग-बिरंगी आतिशबाजी होती है। इस रंग-बिरंगी आतिशबाजी का प्रतिबिंब जब झील के पानी में पड़ता है तो देखने में बहुत ही मनोहरी लगता है। इस शानदार शो को देखने के लिए 3 लाख से ज्यादा लोग आते हैं। लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल की हर साल एक नई थीम प्लान की जाती है।

**दुबई न्यू ईयर ईव फायरवर्क्स, यूएई :** दुबई में न्यू ईयर के मौके पर रोशनी और पटाखे दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा से चलाए जाते हैं। इसलिए दुबई में कहीं से भी इस आतिशबाजी की चमक देखी जा सकती है। बुर्ज खलीफा के नीचे खड़े होकर इस आतिशबाजी को देखना बहुत रोमांचक अनुभव होता है। आतिशबाजी के अलावा यहां लेजर बीम शो और एलईडी लाइट्स का अनूठा नजारा भी देखने को मिलता है।

**न्यू ईयर ईव फायरवर्क, चीन:** चीन के लोग नववर्ष के अवसर पर खूब पटाखे चलाते हैं। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक यह जनवरी और फरवरी के बीच पड़ता है। इस अवसर पर ड्रैगन और अन्य कई शेप्स की आतिशबाजी की जाती है। यहां की मान्यताओं, परंपराओं और प्रतीकों के आधार पर भी आतिशबाजी तैयार की जाती है। इस अवसर पर चीन के लोग देवताओं की पूजा करते हैं और अपने पूर्वजों को याद करते हैं।

**न्यूयॉर्क में स्वतंत्रता दिवस पर आतिशबाजी, अमेरिका:** अमेरिका में 4 जुलाई यानी अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस का दिन यहां के सभी बड़े शहरों



में आतिशबाजी का अवसर होता है। खासतौर से न्यूयॉर्क सिटी में हडसन नदी में कई नौकाओं से तरह-तरह की आतिशबाजी की जाती है। लगभग 25 मिनट तक चलने वाले इस इवेंट में हजारों तरह की आतिशबाजी की जाती हैं। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## दीप जले दिवाली के!



नन्हे-नन्हे प्यारे-प्यारे
दीप जले दिवाली के!
दूर भगाने को अंधियारा,
जग में लाने को उजियारा,
आंगन-आंगन, द्वारे-द्वारे
दीप जले दिवाली के!
भेदभाव का नाम न इनमें,
बैर-द्वेष का काम न इनमें,
झिलमिल-झिलमिल, हिलमिल सारे
दीप जले दिवाली के!
मोह रहे हर प्राणी का मन,
कितने उज्ज्वल, कितने पावन,
सुंदर-सुंदर, सजे-संवारे
दीप जले दिवाली के!
दीपों जैसा जीवन कर लें,
उजियारे को मन में भर लें,
भोले-भोले, न्यारे-न्यारे
दीप जले दिवाली के!

## हंसगुल्ले




**मोनू:** यार, मेरे जैसे लंबी हाइट वाले लड़कों के लिए दिवाली काफी थका देने वाली होती है।
**सोनू:** आखिर क्यों?
**मोनू:** क्योंकि जब भी ऊंचाई वाली दीवार को साफ करना होता है या फिर कमरे की छत पर लगा जाला साफ करना होता है। मम्मी झट से मुझे बुला लेती हैं। सारा दिन सफाई करते-करते निकल जाता है।

-सौम्या, रोहतक

**सोहन:** देखो, आज मेरे पास सुतली बम है, पटाखे, फुलझड़ी, अनार, रॉकेट सब कुछ है। तुम्हारे पास क्या है?
**मोहन:** मेरे पास वह है, जो मैं लगा दूं तो सब खत्म समझो।
**सोहन:** ऐसा क्या है तुम्हारे पास?
**मोहन:** माचिस!

-विकास, बिलासपुर

## जीके क्विज-175



1 साल 2025 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार किसे मिला है?
2. इस वर्ष शांति का नोबेल पुरस्कार पाने वाली मारिया कोरिना मचाडो किस देश की नागरिक हैं?
3. दीपावली का पर्व किस हिंदी महीने में मनाया जाता है?
4. विश्व का सबसे गहरा महासागर कौन-सा है?
5. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
6. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
7. आर्य समाज की स्थापना किसने की थी?
8. अंतरिक्ष की दूरी मापने के लिए किस इकाई का प्रयोग किया जाता है?
9. एफिल टावर कहां स्थित है?
10. 'गीता रहस्य' नामक पुस्तक किसने लिखी है?

बच्चों, जीके क्विज-175 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-174 का उत्तर :** 1.अभिषेक शर्मा, 2. बालोद, 3.उत्तराखंड, 4.जीजाबाई, 5. 24 अक्टूबर, 6.गुग्लिल्मो मार्कोनी, 7.विटामिन के, 8.लैक्टिक एसिड, 9.भुवनेश्वर, 10.राजस्थान

**जीके क्विज-174 का सही उत्तर देने वाले :** निखिल-महासमुंद, अंजलि-दुर्ग, आन्या-दुर्ग, कबीर-हिसार, आशुतोष-रायपुर, कमल-बिलासपुर, राजन-भोपाल, शिखर-बालोद, जतिन-दिल्ली, कुसुम-बेमेतरा, सोहम-कांकेर



कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

तीन महीने पहले ही अंशुल के दोस्त सौरभ के पापा का देहांत हुआ था। इसलिए सौरभ बहुत ज्यादा उदासी से घिरा हुआ था। अंशुल ने दिवाली के दिन उसके घर जाकर कुछ ऐसा किया कि सौरभ के चेहरे पर छायी उदासी छंट गई। अंशुल को भी लगा, उसकी यह दिवाली बहुत अलग रही, यादगार बनी।

# अलग तरह की दिवाली



दिवाली का दिन था। वातावरण में त्योहार का उल्लास छाया था। अंशुल भी बहुत खुश था, क्योंकि दिवाली का त्योहार उसे बहुत भाता था। शाम के समय वह मम्मी-पापा के साथ बाजार की रौनक देखकर घर लौटा तो उसने देखा कि पड़ोस में रहने वाले उसके दोस्त सौरभ के घर में न कोई रोशनी और न कोई सजावट की हुई है। घर के अंदर से कोई आवाज भी नहीं आ रही थी। ऐसा लग रहा था, जैसे उस घर में कोई रहता ही न हो। अंशुल को मालूम था, तीन महीने पहले सौरभ के पापा नहीं रहे थे। एक सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। सौरभ अपनी मम्मी के साथ उस घर में रहता है। अंशुल ने हैरानी से पापा से पूछा, 'पापा, सौरभ के घर में कोई रोशनी क्यों नहीं की गई है? क्या इन्होंने दिवाली नहीं मनानी?'

'बेटा, सौरभ के पापा नहीं रहे न, इसलिए इस बार ये लोग दिवाली नहीं मनाएंगे।' पापा का जवाब सुनकर अंशुल को धक्का-सा लगा। घर के अंदर आकर भी वह सौरभ के बारे में ही सोचता रहा। उसके बारे में सोच-सोच कर उसका मन दुखी होने लगा। उसने अपने मम्मी-पापा से कहा, 'क्यों न हम थोड़ी देर के लिए सौरभ के घर जाएं और साथ में थोड़ी मिठाई, फुलझड़ियां और मोमबत्तियां भी ले जाएं।'

अंशुल की बात सुनकर मम्मी बोलीं, 'इस साल उनको दिवाली नहीं मनानी है, इसलिए न तो वे मोमबत्तियां, फुलझड़ियां जलाएंगे और न ही मिठाई खाएंगे।' यह सुनकर अंशुल सोच में पड़ गया फिर बोला, 'तो ठीक है, मैं ऐसे ही उनके घर चला जाता हूं, थोड़ी देर के लिए।'

अंशुल तुरंत ही सौरभ के घर चला गया और दरवाजे की घंटी बजाई। दरवाजा सौरभ की मम्मी ने खोला। अंशुल ने उनसे सौरभ के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया, 'वह अपने कमरे में है।' अंशुल घर के अंदर जाकर सौरभ के कमरे में गया तो उसने देखा कि वह चुपचाप बिस्तर पर लेटा हुआ है। बहुत उदास दिख रहा था। उसकी आंखें देखकर ऐसा लग रहा था मानो थोड़ी देर पहले रोया है। तभी सौरभ की मम्मी भी वहां आ गईं, अंशुल से बोलीं, 'यह सौरभ तो अपने पापा के बिना बहुत उदास रहता है। आज दिवाली के दिन तो उनको याद करके और भी ज्यादा दुःखी-उदास है। पिछले साल इसके पापा के साथ हम लोगों ने बड़ी धूमधाम से दिवाली मनाई थी, लेकिन क्या पता था कि वह उनकी आखिरी दिवाली है।' मम्मी ने अंशुल को बिस्तर के पास रखी कुर्सी पर बैठने को कहा। वह कुर्सी पर बैठ गया तो मम्मी कमरे से बाहर चली गईं। सौरभ बिस्तर से उठकर बैठ गया, लेकिन वह अब भी बहुत गुमसुम सा था।

अंशुल ने उससे बात करने की कोशिश की। शुरू में तो सौरभ ने बातचीत में कोई रुचि नहीं दिखाई, लेकिन अंशुल ने अपनी कोशिश जारी रखी। धीरे-धीरे सौरभ खुलने लगा और फिर अंशुल से बातचीत करने लगा। अंशुल ने उससे स्कूल, पढ़ाई, दोस्तों आदि के बारे में तरह-तरह की बातें कीं। सौरभ को क्रिकेट का बहुत शौक था। अंशुल ने उससे क्रिकेट के बारे में भी बातें कीं। इस बातचीत से सौरभ का मन हल्का होने लगा। उसके चेहरे पर छाई उदासी मिटने लगी। यह देखकर अंशुल को बहुत अच्छा लग रहा था। तभी मम्मी फलों की चाट बनाकर ले आईं। दोनों के आगे चाट की एक-एक प्लेट रख दी। पहले तो सौरभ ने कहा कि उसका मन नहीं है, वह नहीं खाएगा, लेकिन जब मम्मी और अंशुल ने उसे खाने के लिए बार-बार कहा, तो वह चाट खाने लगा। अंशुल ने भी चाट खाई। धीरे-धीरे सौरभ का मन ठीक होता जा रहा था। अंशुल सौरभ के पास काफी देर तक बैठा रहा। रात के नौ बज गए तो अंशुल अपने घर जाने के लिए उठ खड़ा हुआ। सौरभ का मन अब तक हल्का हो चुका था। वह सामान्य दिख रहा था। वह अंशुल को अपने घर के दरवाज़े तक छोड़ने आया। अंशुल अपने घर पहुंचा तो बहुत खुश था। मम्मी-पापा उसके लौटने का इंतजार कर रहे थे। अपने घर में दिवाली मनाते हुए अंशुल को लग रहा था, सौरभ के घर जाकर, उसके साथ कुछ समय बिताकर उसकी उदासी दूर करने की खुशी दिवाली मनाने की खुशी से ज्यादा बड़ी है। इस बार की उसकी दिवाली बहुत अलग तरह की रही। *

कविता

राकेश सोहम



## दिवाली का त्योहार

धूम-धड़ाम से गूंजी बस्ती
दीयों का है उजियारा,
देखो राजू, पिंटू, चीकू
दिवाली का त्योहार आया।
सफाई का साम्राज्य हुआ
घर-घर की हुई सफाई,
लक्ष्मी पूजन हुआ घरों में
सबको बांटी गई मिठाई।
दीप जलाए घर-आंगन में
अंधियारा है शरमाया,
फुलझड़ी पटाखे बम चलाते
सबका मन है हर्षाया।
आज के दिन से सीख सीखना
मन के दीप जलाना,
अंधियारे-सी हर बुराई को
मन से दूर भगाना।

## रंग भरो-187

**रंग भरो-187** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





माही, महासमुंद



राजनंदिनी, रायपुर



वासनी, रायपुर



प्रियांशी, धमतरी



आशना, जांजगीर




आन्या, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, इमली-कोरबा

## रंग भरो 188



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बच्चा अपने पापा-मम्मी के साथ दिवाली मना रहा है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए फ्री मेडिकल कैंप 18 को

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ नागरिकों के लिए वरिष्ठ नागरिक परिषद के तत्वाधान में नागरिक अस्पताल फतेहाबाद के सीएमओ कार्यालय के सहयोग से अक्टूबर माह का निशुल्क मेडिकल चैकअप कैम्प 18 अक्टूबर शनिवार को बाल भवन फतेहाबाद में प्रातः 9:30 बजे से प्रधान ईश्वर देवी सेठी की अध्यक्षता में लगाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सचिव सुग्रीव सिंह बिश्नोई ने बताया इस चैकअप कैम्प में सेवानिवृत डिप्टी सीएमओ के नेतृत्व में टीम वरिष्ठ नागरिकों की निःशुल्क जांच करेगी व दवाईयां भी वितरित की जाएगी। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से अपील की कि वे कैम्प में अपना आधार कार्ड अवश्य साथ लेकर आए।

### डेरे में चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** ढाणी सांचला स्थित डेरे में चोरी के मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी टोडा उर्फ फैसल पुत्र हनीश उर्फ तौफीक निवासी बागरा, जनपद मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। थाना भुना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि आरोपी टोडा उर्फ फैसल दो गंभीर चोरी के मामलों में शामिल था। पहला मामला 20 सितंबर 2024 को दर्ज हुआ था। शिकायतकर्ता रमेश कुमार पुत्र बुधराम निवासी ढाणी सांचला ने बताया था कि उनके गांव स्थित डेरा बाबा बालक नाथ, जिस पर प्रशासन द्वारा धारा 145 के तहत सीलिंग की गई थी, से रात के समय डेरा की दीवार फांदकर तीन व्यक्तियों मुकेश, अंकित और बिन्टू ने तीन सिलेंडर और इन्वर्टर बैटरी चोरी कर ली।

### हमला कर नकदी छीनने के तीन आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** रतिया क्षेत्र में एक युवक पर हमला कर नकदी छीनने के मामले में रतिया पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान रवि कुमार पुत्र कुलदीप सिंह, रेशम सिंह पुत्र सतपाल सिंह और गुरदास उर्फ मानक पुत्र प्रकाश चंद निवासी गांव कमाना के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि 9 अक्टूबर को पीड़ित काला राम पुत्र शिगारा सिंह निवासी गांव कमाना ने पुलिस को शिकायत दी थी कि वह अपने भतीजे के साथ मोटरसाइकिल पर गांव लौट रहा था, तभी गांव के ही कुछ युवकों ने रास्ते में रोककर लाठी-डंडों और विंडों से हमला कर दिया।

### पूर्ण सोसायटी ने महिला मरीजों को बांटे फल

**फतेहाबाद।** सामाजिक संस्था पूर्ण सोसायटी द्वारा प्रधान सन्नी बंसल की सुपुत्री आरना बंसल के जन्मदिन व सोसायटी के सदस्य पुनित ग्रोवर को पुत्ररत्न की प्राप्ति होने की खुशी में नागरिक अस्पताल फतेहाबाद के जच्चा-बच्चा वार्ड में फल वितरण का सेवा कार्य किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान सन्नी बंसल व पायल चक्रवर्ती ने की। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेविका संगीता प्रणामी, संगठन प्रचार मंत्री सुदर्शन नरुला, महासचिव राजकमल, सचिव विकास कुमार व हर्ष नागपाल, मीडिया कॉर्डिनेटर संयम कुमार, कार्यकारिणी सदस्य दीपा बंसल, राहुल कुमार, पुनित ग्रोवर, प्रवीण नरुला ने अपनी सेवाएं देते हुए महिला वार्ड में मरीजों को फल वितरित किए तथा उनके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की।

### गुरुकृपा सेवा मंडल का वार्षिकोत्सव 24-25 को

**फतेहाबाद।** गुरुकृपा सेवा मंडल का वार्षिक उत्सव इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम 24-25 अक्टूबर को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंडल के प्रधान भारत टुटेजा ने बताया कि इस अवसर पर स्वामी राजदास महाराज, स्वामी ध्यान प्रेमानंद महाराज, स्वामी विज्ञान प्रेमानंद महाराज सहित अनेक संत महात्मा विशेष तौर पर कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में वृंदावन से ब्रज रसिका दीदी मीनाक्षी, फतेहाबाद से माता रानी के सेवक ईश मेहता, माता रानी की महिमा का गुणगान करेंगे।

---

### जिला स्तरीय स्पर्धाओं के चौथे दिन का शुभारंभ अनूप सिंह ने किया

# बाल दिवस प्रतियोगिता : बच्चों ने क्लासिकल डांस में मचाई धूम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

जिला बाल कल्याण परिषद् द्वारा बाल भवन में राज्य स्तरीय बाल दिवस के अंतर्गत आयोजित की जा रही चौथे दिन की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारंभ जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी अनूप सिंह ने किया। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिताओं का विधिवत शुभारंभ किया। डीडीपीओ अनूप सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे जिस भी क्षेत्र में कार्य करें, चाहे वह पढ़ाई हो या कोई प्रतियोगिता, उन्हें पूरी लगन, मेहनत और समर्पण के साथ करना चाहिए, क्योंकि कोई भी कार्य असंभव नहीं होता। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।



**फतेहाबाद।** जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रस्तुति देते स्कूली बच्चे।

#### तीसरे ग्रुप की प्रतियोगिताएं आयोजित

*आज चौथे दिन तीसरे ग्रुप की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें एकल नृत्य, एकल नृत्य क्लासिकल, फन गेम्स लड़का एवं लड़की, समूह नृत्य, थाली एवं कलश सजावट, पोस्टर मेकिंग, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और रंगोली शामिल रहीं। इन प्रतियोगिताओं में 31 सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों के लगभग 400 छात्रों ने भाग लिया और अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों को आगे जोनल और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। साथ ही बाल दिवस के उपलक्ष्य में 14 नवंबर 2025 को सभी विजेता बच्चों को उपायुक्त द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक हरबंस सेठी, ईश्वर सेठी, अमर मोंगा, मनीषा रानी, स्वाति बत्रा, दीपक, राकेश कुमार, शकुंतला रानी, ममता रानी, कमलेश रानी, नीलम रानी, विकास जैन, अनिल कुमार व मोनिका रानी सहित विभिन्न स्कूली बच्चे व उनके अभिभावक उपस्थित रहे।*

#### पीडीएम स्कूल के विद्यार्थियों ने पाया तृतीय स्थान

**भट्टूकलां।** डाईट मताना में जिला स्तरीय विज्ञान नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में फतेहाबाद जिले से 5 टीमों ने भाग लिया, जिसमें पीडीएम स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय विज्ञान नाटक प्रतियोगिता में डिजिटल इंडिया में अपना तृतीय स्थान प्राप्त किया। पीडी मैमोरियल कॉन्वेंट स्कूल खाबड़ा कलां की प्रधानाचार्या अनीता गिजरोईया व डायरेक्टर साधुराम जाखड़ ने बताया कि पीडीएम स्कूल से कक्षा आठवीं से प्राची पुत्री अजीत कुमार, चेतना पुत्री संदीप, अनुष्का पुत्री नरेश, कक्षा सातवीं से किरण पुत्री लाखाराम, जीविका पुत्री रामनिवास, सुमित पुत्र सुनील, कक्षा छठी से केतन पुत्र पुरूषोतम व एहसास पुत्र जगमोहन ने डिजिटल इंडिया में अपना तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि स्कूल का हमेशा यही प्रयास रहता है कि वह अपने स्कूलों के बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने का एक बेहतरीन मंच उपलब्ध करवाएं। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे इस प्रकार के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक हिस्सेदारी करके अपना हुनर का प्रदर्शन करते रहें तथा जीवन में कामयाबी प्राप्त करते रहें।




**भट्टूकलां।** जिला स्तरीय प्रतियोगिता में तृतीय रही पीडीएम स्कूल की टीम।

## सर्व समाज सभा ने बरसाती पानी निकासी के लिए की मास्टर प्लान बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

सर्व समाज सभा की बैठक प्रधान सतपाल जिंदल की अध्यक्षता में बाबा नामदेव धर्मशाला में हुई। सभा के महासचिव डॉ. नैब सिंह मंडेर ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने एकमत होते हुए बरसात के पानी की निकासी के लिए मास्टर प्लान बनाने की प्रशासन व सरकार से मांग की। सतपाल जिंदल ने कहा बुढ़लाडा रोड़ पर बन रहे गंदे नाले पर नियमानुसार मटिरियल लगाया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी सबकी जिम्मेदारी है कि शहर में हो रहे निर्माण व मुरम्मत कार्यों का ध्यान रखें। उन्होंने बताया कि नए बन रहे गंदे नाले में शौचालयों/सीवरेज का मलवा छोड़ा जाना ठीक नहीं, उसको रोका जाए क्योंकि इससे बदबू फैलने का डर है। बैठक में प्रस्ताव पारित करते हुए प्रशासन से मांग की कि बरसाती पानी की निकासी के लिए मास्टर प्लान हो। सीवरेज की सफाई एवं अन्य समस्याओं को लेकर जल्द ही एसडीएम से मिलने का प्रस्ताव पारित किया। बैठक में प्रस्ताव पारित कर समाजसेवा करने वाली शख्सियतों को सम्मानित करने का फैसला हुआ। बैठक में अजमेर सिंह, नरेंद्र ग्रोवर, गुरप्रीत सिंह नैन, रणधीर सिंह मौलिया, हैप्पी सिंह सेठी, एडवोकेट सुशील जैन, जगजीत सिंह ढिल्लों, बिन्ना जिंदल आदि मौजूद रहे।



**रतिया।** बैठक में भाग लेते सर्व समाज सभा के सदस्य।

## डीएपी का सही आवंटन नहीं किया तो जड़ेंगे ताला: जस्सा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

इनेलो के जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा ने डीएपी व यूरिया आदि रखने के निजी दुकानदारों को चेताया है कि यदि आगामी सोमवार तक उन्होंने किसानों को डीएपी व यूरिया आदि का सही आवंटन न किया तो ऐसे सभी चिह्नित दुकानदारों की दुकानों पर ताले जडक़र उनके प्रतिष्ठानों के आगे धरना दिया जाएगा। जस्सा ने जारी बयान में कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल व पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला ने सदैव किसान वर्ग के हितों के लिए संघर्ष किया और उनके लिए लाभकारी योजनाएं बनाकर उन्हें अमलीजामा पहनाया। किसानों को डीएपी उपलब्ध करवाते समय उनके आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों की उपलब्धता को अनिवार्य किया गया है जबकि ठेकों से शराब कितनी भी मात्रा में दे दी जाए, उसके लिए किसी प्रकार के कोई दस्तावेज नहीं मांगे जाते। हालांकि दस्तावेज लेकर भी किसानों को पर्याप्त डीएपी उपलब्ध नहीं करवाई जा रही। जस्सा ने कहा कि केवल और केवल किसानों को परेशान करने का ही काम किया जा रहा है और इसी कड़ी में किसानों को जबरन डीएपी के साथ अन्य कृषि संसाधन दिए जा रहे हैं जिसका कोई सदुपयोग किसानों को नहीं होता।

## सफाई कर्मचारी समाज की नींव: प्रो गणेशी लाल




हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में हारे का सहारा ट्रस्ट द्वारा शहर को स्वच्छ रखने का जिम्मा उठाने वाले सफाई कर्मचारियों के सम्मान में वीरवार को एक भव्य कार्यक्रम हुआ। रॉयल हवेली में आयोजित इस कार्यक्रम में ओडिशा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की और समाजसेवी मनीष सिंगला, लक्ष्य सिंगला के साथ मिलकर सैकड़ों सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया। प्रो. गणेशी लाल ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज की नींव हैं। ये लोग हमारी दिवाली को रोशन करने के लिए अपनी दिवाली का त्याग करते हैं।

## निबंध लेखन प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम करुणा द्वितीय और कुमकुम रही तृतीय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

राजकीय महिला महाविद्यालय में विश्व सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष्य में निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई।

■ राजकीय महिला महाविद्यालय में विश्व सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

महविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी प्रो. मोनिका गिल ने बताया कि निबंध लेखन प्रतियोगिता का मुख्य उदेश्य छात्राओं में सांख्यिकी के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, सांख्यिकीय आंकड़े नीति-निर्माण, शोध एवं विकास, तार्किक दृष्टिकोण और डेटा-आधारित निर्णय क्षमता के बारे में जागरूक करना था। प्रतियोगिता में एमकॉम प्रथम वर्ष की मुस्कान ने प्रथम स्थान, बीकॉम द्वितीय वर्ष की करुणा ने द्वितीय स्थान व बीकॉम द्वितीय वर्ष कुमकुम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि सांख्यिकी आधुनिक युग में निर्णय लेने और नीतिगत योजनाओं का आधार है। उन्होंने छात्राओं को इस क्षेत्र में और अधिक रुचि एवं शोध की प्रेरणा दी।



**सिरसा।** प्रतियोगिता की विजेताओं को सम्मानित करते हुए प्राचार्य।

## एआई के बढ़ते उपयोग पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यू ▸▸ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा एआई प्रांम्प्ट इंजीनियरिंग एंड बिजनेस मॉडल्स विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आधुनिक संचार और उद्यमिता में बढ़ते उपयोग से अवगत करवाना था। कार्यशाला में मुख्य वक्ता विक्रम बिजारणिया ने पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों को एआई आधारित उपकरणों, प्रांम्प्ट इंजीनियरिंग तकनीकों तथा उनके व्यवसायिक उपयोगों के बारे में व्यवहारिक जानकारी दी।



### ग्रीन पटाखों को छोडक़र अन्य पटाखों के निर्माण बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध

**सिरसा।** जिला प्रशासन ने प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध आगामी 20 अक्टूबर से 31 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा। दिवाली, गुरुपर्व, क्रिसमस और नए साल की पूर्व संध्या जैसे विशेष अवसरों पर ग्रीन पटाखों के उपयोग की अनुमति होगी, लेकिन केवल सीमित समय के लिए। जिलाधीश शांतनु शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163, विस्फोटक अधिनियम 1884 व विस्फोटक नियमों के तहत व अन्य प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 20 अक्टूबर से 31 जनवरी 2026 तक यह प्रतिबंध लगाया है। इस दौरान ग्रीन पटाखों को छोडक़र सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, फोडने एवं उपयोग पर तथा आतिशबाजी में बेरियम सॉल्ट के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है, क्योंकि इससे वायु/ध्वनि प्रदूषण एवं ठोस कचरे की गंभीर समस्या उत्पन्न होती है। आदेश के अनुसार, दिवाली या गुरुपर्व जैसे किसी अन्य त्यौहार के लिए, पटाखे फोडने का समय रात 8.00 बजे से 10.00 बजे तक ही होगा।

### 58वीं हरियाणा स्कूल स्टेट सॉफ्टबॉल व नेटबॉल प्रतियोगिता

# सिरसा, जींद, हिसार व रेवाड़ी की टीम सेमीफाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

शहीद भगत सिंह खेल परिसर में जारी 58वीं हरियाणा स्कूल स्टेट सॉफ्टबॉल व नेटबॉल (लड़कियां) प्रतियोगिता के दूसरे दिन वीरवार को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी-अपनी टीमों को अगले दौर में पहुंचाया। प्रतियोगिता में नेटबॉल के क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए, जबकि सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले शुक्रवार को आयोजित किए जाएंगे।

#### फाइनल को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह

अंडर-14 आयु वर्ग में सिरसा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सोनीपत को 16-3 के अंतर से पराजित किया। दूसरे मुकाबले में जींद ने कैथल को 9-5, यमुनानगर ने हिसार को 9-8 और रेवाड़ी ने फतेहाबाद को 22-6 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अंडर-17 आयु वर्ग में मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। हिसार ने झज्जर को 14-8, फतेहाबाद ने यमुनानगर को 17-16, सिरसा ने जींद को 23-16 और रेवाड़ी ने कैथल को 20-15 से पराजित किया। वहीं अंडर-19 आयु वर्ग में भी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। हिसार ने सोनीपत को 15-6, रेवाड़ी ने रोहतक को 21-7, झज्जर ने कुरुक्षेत्र को 12-4 और सिरसा ने फतेहाबाद को 21-18 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। शुक्रवार को होने वाले सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखा

#### प्रतियोगिता में टीमों ने दिखाया दम

58वीं हरियाणा स्कूल स्टेट सॉफ्टबॉल (लड़कियां) प्रतियोगिता में बृहस्पतिवार को हुए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-14 आयु वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों में झज्जर ने कैथल को 3-2, जबकि फतेहाबाद ने कुरुक्षेत्र को 6-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अंडर-17 आयु वर्ग के क्वार्टर फाइनल में हिसार ने रोहतक को 5-4 और सिरसा ने करनाल को 10-0 से मात देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंडर-19 आयु वर्ग में हिसार ने कुरुक्षेत्र को 5-1, सिरसा ने रोहतक को 6-5 और कैथल ने पंचकूला को 7-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता का संचालन सहायक जिला शिक्षा अधिकारी (खेल) हरबंस सिंह की अगुवाई में किया जा रहा है। सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए राजेश कंबोज और नेटबॉल के लिए राकेश कुमारी डीपीई को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में राजेश कंबोज के अलावा दमनप्रीत, सुरेंद्र कंबोज, शशिकांत (फतेहाबाद), राकेश (जींद), सतबीर (रोहतक), राजेश (रोहतक), राजेश (भिवानी) सहित अन्य प्रशिक्षक सहयोग कर रहे हैं। नेटबॉल प्रतियोगिता में राकेश सहारण के अलावा अजय कुमार, अनिल कुमार (हिसार), सतपाल, और कुरुक्षेत्र से कन्वीनर अरुण कुमार सहित अन्य प्रशिक्षक अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

---

## न्यूज डायरी



### सांस्कृतिक संध्या और पारितोषिक वितरण समारोह

**फतेहाबाद।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी के प्रांगण में सांस्कृतिक संध्या एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनपीसीआईएल गोरखपुर के मुख्य अभियंता ह्रदेश कुमार निगोटिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और शैक्षणिक व सह शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने जीवन में शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और कठिन परिश्रम के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान सांस्कृतिक संध्या में विद्यार्थियों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। पारितोषिक वितरण कार्यक्रम के दौरान हिंदी पखवाड़ा के विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता, शिक्षक दिवस समारोह में सक्रिय भूमिका निभाने वाले छात्र, युवा संसद में उत्कृष्ट वक्ता और सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधियों को, शैक्षणिक उत्कृष्टता की वार्षिक परीक्षाओं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले तथा मेधावी छात्र-छात्राओं पुरस्कृत किया गया।



### एक लाख 69 हजार विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

**सिरसा।** यातायात सुरक्षा और सडक़ नियमों को लेकर वीरवार को ट्रैफिक अवेयरनेस क्विज प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया गया, जिसमें सिरसा जिले के 648 सरकारी स्कूल, 245 प्राइवेट स्कूल और 25 कॉलेज/आईटीआई संस्थान शामिल हुए। प्रतियोगिता में कुल 1,69,026 छात्र-छात्राओं ने चार अलग-अलग लेवल्स में भाग लिया। सिरसा जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में आयोजित इस क्विज प्रतियोगिता को लेकर प्रशासनिक व पुलिस विभाग की गंभीरता स्पष्ट रूप से देखने को मिली। सिरसा के एएसपी फैसल खान, यातायात उप पुलिस अधीक्षक संजीव बल्हारा, ट्रैफिक थाना प्रभारी निरीक्षक शमशेर सिंह ने स्वयं मौके पर जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और छात्रों से सीधे संवाद किया। स्कूलों में पहुंचे पुलिस अधिकारियों का सभी स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने स्वागत किया और कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों में सकारात्मक सोच पैदा करती हैं।



### प्रवीण धारणियां की जयंती पर लगाया रक्तदान शिविर

**भूना।** अखिल भारतीय विश्नोई युवा संगठन की ओर से संगठन के संस्थापक स्व. प्रवीण धारणियां की जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को धारणियां सेवा सदन, भूना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं के उत्साह और जोश के साथ कुल 51 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। नगर पालिका के वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी, भारत विकास परिषद भूना के अध्यक्ष डॉ. दीपक बंसल एवं सचिव सुनील कंबोज ने भी शिरकत की और युवाओं के उत्साह की सराहना की। रक्तदान शिविर का शुभारंभ संगठन पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया। शिविर में विशेष रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू कांवा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय लांबा, संरक्षक किरण प्रवीण धारणियां ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म है, जिससे किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं से नियमित रक्तदान की अपील की।




### एडवोकेट महेंद्र धारनिया को किया सम्मानित

**फतेहाबाद।** अखिल भारतीय बिश्नोई समाज के 541 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा द्वारा बिश्नोई मंदिर फतेहाबाद में आयोजित समारोह में महेंद्र कुमार धारनिया एडवोकेट को उनके द्वारा बीज वितरण करने, पेड़ पौधे लगाने व लगातार उनकी देखरेख करने के लिए सम्मानित किया गया। महेन्द्र धारनिया घर पर ही नर्सरी बनाकर पौधे तैयार करते है और वितरित करते है। वह लगातार पेड़ पौधे लगाने व उनकी सेवा करने में लगे हुए हैं। समाज के प्रत्येक वर्ग बच्चे, बूढ़े, जवान को साथ लेकर अक्सर उन्हें पेड़ पौधे लगाते देखा जा सकती है। महापुरुषों की जयंती, जन्मदिन व पूर्वजों की याद में भी पौधारोपण करते हैं ताकि लोगों का जुड़ाव पेड़ पौधों के साथ हो सके। उनके द्वारा शहर के अलग-अलग भागों में बीज भी वितरण किया जाता है ताकि लोग अपने घरों में व सार्वजनिक स्थानों पर फूल वाले पौधे व बेल लगा सके और शहर हरा भरा हो।

### फर्जी वेबसाइट से सावधान रहें : एसपी



**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों को ऑनलाइन टिकट बुकिंग से जुड़े बढ़ते साइबर फ्रॉड के प्रति सतर्क करते हुए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि हाल ही में ऐसे कई प्रकरण सामने आए हैं, जिनमें अपराधी रेलवे, बस, एयरलाइन या मूवी टिकट बुकिंग के नाम पर फर्जी वेबसाइट और ऐप बनाकर लोगों को ठग रहे हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में सुविधा के साथ जोखिम भी बढ़ा है। कई बार लोग आईआरसीटीसी, रेडबस, मेक माई ट्रिप और बुक माई शो जैसी लोकप्रिय वेबसाइटों के नाम से मिलती-जुलती फेक साइट्स या लिंक पर जाकर टिकट बुक करते हैं, जिनके जरिए धोखेबाज बैंक खातों से पैसे उड़ा लेते हैं। एसपी ने कहा कि फर्जी वेबसाइट या मोबाइल ऐप बनाकर उन्हें गुगल सर्च या सोशल मीडिया विज्ञापनों में दिखाते हैं। ग्राहक सहायता नंबर के नाम पर व्हाटसएप या कॉल से संपर्क करते हैं और रिफंड या कन्फर्म टिकट के बहाने लिंक भेज देते हैं।

### बाइक चुराने के मामले में दो गिरफ्तार, जेल भेजा



**फतेहाबाद।** बाइक चोरी के मामले में थाना शहर रतिया पुलिस टीम ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनूप उर्फ गब्बर पुत्र बारु राम तथा नरेश कुमार उर्फ कुल्ली पुत्र रामकिशन निवासी वार्ड नं. 12 रतिया के रूप में हुई है। दोनों न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरीशुदा सप्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि 13 अक्टूबर को सरवन पुत्र दलबारा सिंह निवासी वार्ड नं. 12 रतिया ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसके घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को देर रात लगभग ढाई बजे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। शिकायत पर थाना शहर रतिया में मामला दर्ज किया गया। शिकायत प्राप्त होते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए टीम ने लगातार निगरानी और गुप्त सूचना के आधार पर वार्ड नं. 12 रतिया क्षेत्र में छापेमारी की और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने चोरी की वारदात को स्वीकार किया और उनकी निशानदेही पर चोरीशुदा प्लेंडर बाइक बरामद की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# अब सिस्टम से परेशान वेटरनरी सर्जन ने फेसबुक पर शेयर किया वीडियो, कहा : मेरी जगह कोई और होता, तो सुसाइड कर लेता

■ प्रॉपर्टी डीलर्स पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

प्रदेश में आईपीएस वाई पूरण कुमार और उसके बाद एएसआई संदीप लाठर द्वारा सुसाइड करने के बाद प्रदेश में सिस्टम पर उठे सवालों के बीच एक ओर वीडियो वायरल हो रहा है। सिस्टम से परेशान फतेहाबाद जिले के सरकारी वेटरनरी सर्जन ने फेसबुक पर वीडियो जारी कर अपनी पीड़ा बयां की है। वेटरनरी सर्जन डॉ. जगत पाल ने वीडियो में कहा है कि प्रॉपर्टी डीलर्स ने इतना तंग कर रखा है कि मेरी जगह कोई और होता, तो सुसाइड कर लेता। मैं लड़ रहा हूं, हथियार नहीं डालूंगा, मगर कब तक चलूंगा। 28 मिनट 33 सेकेंड की वीडियो में वेटरनरी सर्जन ने पुलिस प्रशासन पर भी उनकी शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है।



### 9 एकड़ में नरमे की फसल नष्ट कर दी

डॉ. जगत पाल वीडियो में कहते हैं कि आज हालात ऐसे हैं कि लोग सुसाइड कर रहे हैं। मैं भी सिस्टम से लड़ रहा हूं, मगर क्या हो रहा है, यह समझ नहीं आ रही है। मेरे साथ धोखाधड़ी हुई है, लेकिन कहीं न्याय नहीं मिल रहा है। डॉ.जगत पाल ने कहा कि उन्होंने भट्टू कलां थाने व एसपी कार्यालय में शिकायतें दी हुई है, मगर हल किसी का नहीं निकला है। दीवानी मामला बताकर रफा-दफा कर देते हैं। जब डॉक्टर के साथ ऐसे पेश आ रहे हैं, तो आम आदमी के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। उन्होंने कहा कि 24 सितंबर को साढ़े 9 एकड़ जमीन पर लगी नरमे की फसल नष्ट कर दी गई। खेत में कई गाडियों में लोग आकर बैठ गए।

### भूमि धोखे से बिकवा कर रजिस्ट्री करवा दी

गांव नागपुर में तैनात वेटरनरी सर्जन डॉ. जगत पाल ने जारी वीडियो में कहा कि वह डेली 100-150 कॉल पशुपालकों की सुनते हैं। उनके पशुओं को आने वाली दिक्कतों का समाधान बताते हैं। वह फस्ट क्लास ऑफिसर हैं, जब उनके साथ ऐसा व्यवहार हो रहा है, तो आम आदमी की कहां सुनवाई होती होगी। डॉ.जगत पाल ने वीडियो में बताया है कि उनके पिता का साल 2003 में निधन हो चुका है। उनकी गांव ढिंगसरा में 16 एकड़ तीन कनाल जमीन थी। पिता के निधन के बाद यह पांच हिस्सों में बंट गई। अब करीब साढ़े 9 एकड़ जमीन उसके, उसके भाई राजपाल व मां लीला देवी के नाम है, उनका संयुक्त खाता है। इस जमीन को धोखे से बिकवा कर रजिस्ट्री करवा दी गई है। रजिस्ट्री में छोटे भाई को गवाह दिखा रखा है, लेकिन उसे बेदखल किया हुआ है। दो लोगों ने रजिस्ट्री करवा दी। इसमें सारी मिलीभगत प्रॉपर्टी डीलरों की रही। डॉ. जगत पाल ने तहसीलदार पर ऑब्जेक्शन के बावजूद रजिस्ट्री करने का आरोप लगाया और बताया कि 28 मार्च को पहली रजिस्ट्री हुई। इसका एक सप्ताह में उन्हें पता चला। इसके बाद उन्होंने मार्च में ही ऑब्जेक्शन लगा दिया था। अब इंतकाल रोकने के लिए एसडीएम कोर्ट में केस चल रहा है। वह कोर्ट से रजिस्ट्री पर स्टे ले आए, मगर अब ये लोग कब्जा कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### बाल दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताएं आयोजित

**सिरसा।** जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा स्थानीय बाल भवन में बाल दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को हैंडराइटिंग प्रतियोगिता के तीसरे चरण, क्ले मॉडलिंग के प्रथम व द्वितीय समूह तथा स्कैचिंग ऑन द स्पॉट के तृतीय समूह की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ जिला बाल कल्याण अधिकारी पूनम नागपाल और सभी जजों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला बाल कल्याण अधिकारी पूनम

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी काबू

**सिरसा।** सिविल थाना लाइन पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी पवन कुमार निवासी गांव कोटली जिला सिरसा को गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि रामचंद्र निवासी नागोकी हाल शक्तिनगर सिरसा ने पुलिस चौकी हुडा में एक शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसने अपनी मोटरसाइकिल अदालत परिसर की पार्किंग में खड़ी की थी, जो शाम को ड्यूटी समाप्ति पर लौटने पर गायब मिली। शिकायत के आधार पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्जकर जांच आरंभ की थी।

### 20 को ही मनाएं दिवाली का त्योहार: सीताराम

**सिरसा।** श्री बंसीवट मंदिर के पुजारी पंडित सीताराम ने बताया कि दीवाली का त्योहार इस बार 20 अक्तूबर को मनाने का योग बनता है। उन्होंने बताया कि अमावस्या 20 अक्तूबर 2025 की शाम 3.48 बजे लग जाएगी। 21 अक्तूबर 2025 को अमावस्या शाम को 5.55 बजे तक है। उन्होंने बताया कि 5.56 शाम से एकम लग जाएगी। अन्नकूट 22 अक्तूबर को होना है। एकम 22 अक्तूबर की रात्रि 8.15 मिनट तक है। अन्नकूट का भोग 12 बजे तक लगता है।

### घूंघट प्रथा समाप्त करने की दिलाई शपथ

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरोखां में वीरवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर बैठक हुई। स्कूल के प्रधानाचार्य वेद रोज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चल रहे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के निमित एसएमसी सदस्यों को जागरूक करते हुए बताया कि आप भी समाज में ज्यादा से ज्यादा बेटियों को शिक्षित करने के लिए उनके नामांकन के लिए प्रयास करें, क्योंकि बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं हैं।

### फर्जी पंजीकरण से धान बेचने का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** आर्थिक अपराधों व सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले मामलों पर की जा रही सख्त कार्रवाई के तहत इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी रविन्द्र पुत्र कृष्ण निवासी वार्ड नं. 15 रतिया को काबू कर उसके पास से 60 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। इकोनॉमिक सेल प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाले धान फर्जी पंजीकरण प्रकरण से संबंधित है, जिसमें पहले ही 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी रवींद्र इस मामले में सह-आरोपी के रूप में शामिल था।

### हैंडराइटिंग प्रतियोगिता में छात्राओं का दबदबा

**सिरसा।** जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से बाल भवन में आयोजित हैंडराइटिंग प्रतियोगिता में शाह सतनाम जी गर्ल्ज स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल की 8वीं कक्षा की छात्रा खुशी वर्मा ने हिंदी हैंडराइटिंग कैटेगरी में द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि इंग्लिश हैंडराइटिंग में सीरत कंबोज ने भी दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. शीला पूनिया और उपप्राचार्या सीमा छाबड़ा ने दोनों छात्राओं को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

### त्योहारी सीजन को लेकर फतेहाबाद पुलिस हाई अलर्ट पर

# पुलिस ने 23 जगह लगाए नाके, 40 पेट्रोलिंग टीमें फील्ड में तैनात रहेंगी

त्योहारों के दौरान भीड़भाड़, बाजारों और धार्मिक आयोजनों की सुरक्षा के मद्देनजर व्यापक और ठोस सुरक्षा व्यवस्था लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

दीपावली, गोवर्धन पूजा और विश्वकर्मा दिवस जैसे प्रमुख पर्वों को लेकर फतेहाबाद पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। त्योहारों के दौरान भीड़भाड़, बाजारों और धार्मिक आयोजनों की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन ने व्यापक और ठोस सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि दीपावली से भैया दूज तक का समय सुरक्षा की दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील होता है, इसलिए जिले में सुरक्षा स्तर को और मजबूत किया गया है।

#### खुफिया विभाग सक्रिय

जिले के मुख्य प्रवेश मार्गों, बाजारों और संवेदनशील स्थलों पर कुल 13 स्थायी नाकों के साथ 10 अतिरिक्त नाके स्थापित किए गए हैं। इसी के साथ 25 पुरानी पेट्रोलिंग टीमों के अलावा 15 नई पेट्रोलिंग पार्टियां भी जोड़ी गई हैं। हर थाने की राइडर व पीसीआर यूनिट को लगातार गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। जिले के 7 अंतरराज्यीय व 9 अंतर जिला नाकों पर प्रशिक्षित पुलिस बल 24 घंटे निगरानी करेगा। वहीं 4 सीआईए यूनिट की विशेष टीमें भी जिलेभर में सक्रिय हैं, जो गुप्त सूचनाओं पर तुरंत कार्रवाई करेंगी।



फतेहाबाद। जवाहर चौक में पुलिस द्वारा लगाया गया नाका। फोटो : हरिभूमि

#### पुलिस ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार गश्त, नाकों की निगरानी और पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी संदिग्ध वस्तु, व्यक्ति या गतिविधि की सूचना पुलिस नियंत्रण कक्ष 88140-11741 या हेल्पलाइन 112 पर तत्काल दें। एसपी ने कहा कि त्यौहार खुशियों, भाईचारे और शांति का प्रतीक हैं। सभी नागरिक अनुशासन और सौहार्द के साथ दीपावली मनाएं। किसी भी तरह की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं से दूर रहें।

#### सोशल मीडिया पर पैनी नजर

एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी। जिला साइबर टीम को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी तरह की भ्रामक पोस्ट, अफवाह या साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने वाली सामग्री पर तुरंत एक्शन लिया जाए। जो कोई व्यक्ति या समूह सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने, झूठी जानकारी साझा करने या माहौल खराब करने का प्रयास करेगा, उसके खिलाफ आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

#### पटाखों को लेकर दिशा-निर्देश जारी

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों से अपील की है कि वे दीपावली को सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाएं। इस अवसर पर पटाखों के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पटाखे फोडने का समय रात 8 बजे से 10 बजे तक निर्धारित रहेगा। एनजीटी द्वारा अनुमोदित केवल ग्रीन क्रेकर्स की अनुमति होगी। तेज आवाज वाले पटाखों जैसे लड़ी, बम, चकरी आदि पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। धार्मिक स्थलों, अस्पतालों, स्कूलों व सार्वजनिक स्थानों के पास पटाखे चलाना वर्जित है।

#### हर थाने पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

त्योहारी सुरक्षा को और प्रभावी बनाने के लिए हर थाना क्षेत्र हेतु एक-एक ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है, जो पुलिस के साथ समन्वय में कार्य करेंगे। बाजारों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर सादी वर्दी में पुलिस बल, महिला पुलिस की पेट्रोलिंग और सीसीटीवी निगरानी भी बढ़ाई गई है। संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव पूनिया बोले

## पुलिस अधिकारियों की आत्महत्या मामलों की जांच करवाए सरकार



■ दो घटनाओं ने प्रशासन की नाकामी को उजागर किया : विनीत

**फतेहाबाद।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव डॉ. विनीत पुनिया ने हरियाणा पुलिस के एडीजीपी वाई. पूरन सिंह और एएसआई संदीप लाठर की आत्महत्या को अत्यंत दुखद और चिंताजनक घटना करार देते हुए उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग की है।

यहां जारी बयान में वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. विनीत पुनिया ने कहा कि इन दो घटनाओं ने प्रशासन की नाकामी को उजागर किया है। जब एक ही विभाग के दो अधिकारी इतने कम अंतराल में आत्महत्या करने को मजबूर हों, तो यह शासन और प्रशासन की बड़ी विफलता है।

डॉ. पुनिया ने कहा कि आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकती, लेकिन इससे स्पष्ट होता है कि अधिकारियों का सरकारी व्यवस्था और न्याय पर भरोसा टूट चुका था। उन्होंने कहा कि यह घटनाएँ केवल उन दो परिवारों का व्यक्तिगत दुःख नहीं हैं, जिसे वे आजीवन भुगतेंगे बल्कि समाज और प्रदेश सरकार के लिए गंभीर चेतावनी भी है।

#### भाईचारा बनाए रखें

डॉ. पुनिया ने यह भी कहा कि न्याय होना ही पर्याप्त नहीं, उसे होते हुए दिखाना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज न्याय सुनिश्चित करने के साथ-साथ समाज में भाईचारा और एकता बनाए रखना भी आवश्यक है। समाज में एकता बनाए रखने पर जोर देते हुए, डॉ. पुनिया ने बताया कि कुछ लोग इन घटनाओं का इस्तेमाल समाज में विभाजन और जातीय तनाव पैदा करने के लिए कर सकते हैं।

## वक्फ बोर्ड की भूमि हड़पने की साजिश का आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने वक्फ बोर्ड की भूमि हड़पने की साजिश का आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला नरेंद्र कौर की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि अजय कुमार पुत्र आनंद ने ढाणी सावनपुरा शाहपुर बेगू स्थित वक्फ बोर्ड की भूमि को अपनी निजी संपत्ति बताकर उन्हें और उनके रिश्तेदारों को कई प्लॉट बेचे और उनसे लगभग चार लाख रुपए वसूल किए। जब पीड़िता ने खरीदे गए प्लॉटों पर निर्माण कार्य शुरू किया तो अन्य व्यक्तियों ने कब्जे का दावा किया। जांच में स्पष्ट हुआ कि आरोपी अजय कुमार ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूमि की गिरदावरी अपने नाम दर्ज करवा ली थी, जबकि वह भूमि वक्फ बोर्ड की संपत्ति थी। संपदा अधिकारी, हरियाणा वक्फ बोर्ड सिरसा द्वारा वर्ष 2011 में ही यह प्रमाणित किया जा चुका था कि उक्त भूमि वक्फ बोर्ड की है और अजय कुमार उसका वैध लीज धारक नहीं था। शिकायत के आधार पर थाना शहर सिरसा में उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

## अवशेष प्रबंधन को लेकर गिलांखेड़ा में किसानों को किया जागरूक

■ कृषि विभाग ने किसानों को दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम व हार्वेस्टिंग हार्मनी अभियान के अंतर्गत गांव गिल्लांखेड़ा में किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में किसानों को फसल अवशेषों के वैज्ञानिक प्रबंधन, सरकारी सहायता और आगजनी से जुड़ी कानूनी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित खंड कृषि अधिकारी डॉ. जय कुमार भोरिया ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि फसल अवशेषों को जलाने की बजाय यदि उन्हें खेत में ही मिक्स किया जाए, तो इससे मिट्टी की उर्वरकता में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि अवशेषों को मिट्टी में मिलाने से जमीन में कार्बनिक पदार्थों की मात्रा बढ़ती है, सूक्ष्म जीवों की सक्रियता बेहतर होती है और मृदा का पीएच मान संतुलित रहता है। इससे पोषक तत्वों को धारण करने की मिट्टी की क्षमता भी बढ़ती है। उन्होंने किसानों को सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, रोटावेटर व जीरो सीड ड्रिल मशीनों के उपयोग की सलाह दी। इसके अतिरिक्त यह भी जानकारी दी गई कि सरकार की ओर से 1200 रुपये प्रति एकड़ की आर्थिक सहायता इस कार्य हेतु किसानों को प्रदान की जा रही है।


फतेहाबाद। गांव गिल्लांखेड़ा में किसान जागरूकता शिविर में जानकारी देते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नाबालिग लडकी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में थाना शहर रतिया पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान अल्बट उर्फ करण पुत्र लाडी निवासी मुक्तसर, पंजाब को काबू किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने इस बारे 3 अक्टूबर को एक महिला ने शिकायत दी थी कि उसकी नाबालिग बेटी घर से लापता है। शिकायत पर थाना शहर रतिया में 3 अक्टूबर को मामला दर्ज किया। शिकायत प्राप्त होते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और गहन जांच व तकनीकी निगरानी के आधार पर आरोपी अल्बट उर्फ करण को मुक्तर से काबू किया गया। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था।

## 'वैदिक संस्कार पुण्यमास' : डीएवी स्कूल में छात्राओं ने किया हवन

■ धर्मवीर शास्त्री व राम बिलास शास्त्री ने विद्यार्थियों को वैदिक संस्कारों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

'वैदिक संस्कार पुण्यमास' आर्य पुनर्जागरण के महापर्व के अंतर्गत आज पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद में एक दिवसीय चरित्र निर्माण शिविर एवं वैदिक यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित वैदिक यज्ञ में विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रों की गूंज से पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। साथ ही, एक दिवसीय चरित्र निर्माण शिविर में धर्मवीर शास्त्री व राम बिलास शास्त्री ने विद्यार्थियों को वैदिक संस्कारों, अनुशासन, सेवा, स्वाध्याय और समर्पण की भावना से ओतप्रोत प्रेरणादायक सत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय प्राचार्या अमिता सिंह ने बताया कि यह आयोजन आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा, हरियाणा के मार्गदर्शन और आर्य प्रतिनिधि उपसभा, हरियाणा के संयोजन में संपन्न हुआ, जिसके अंतर्गत हरियाणा प्रदेश के सभी आर्य समाज, डीएवी विद्यालय, महाविद्यालय, और आर्य युवा समाज सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। 'विजय पर्व' के रूप में मनाए जा रहे इस कालखंड में संपूर्ण समाज को स्वामी दयानंद सरस्वती के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए।



फतेहाबाद। डीएवी पुलिस स्कूल में आयोजित वैदिक यज्ञ में भाग लेते विद्यार्थी।

### त्योहारों पर चकाचक होगा शहर

## नगरपरिषदों और पालिकाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**सिरसा।** स्वच्छता अभियान के तहत नगर परिषद सिरसा व डबवाली तथा नगर पालिका रानियां, ऐलनाबाद व कालांवाली द्वारा निरंतर स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान आगामी 7 नवंबर तक चलेगा और इसका उद्देश्य शहरों को साफ-सुथरा और प्रदूषण मुक्त बनाना है। अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नगर आयुक्त वीरेंद्र सहरावत ने बताया कि टीमों द्वारा जहां रिहायशी, बाजारों व सार्वजनिक स्थानों की साफ सफाई की जा रही है वहीं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को इस अभियान में योगदान देने की भी अपील की जा रही है। कर्मचारियों द्वारा बाजारों, कॉलोनियों, सडकों, पार्कों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सवच्छता अभियान के दौरान टीम ने नागरिकों से अपील की कि वह अभियान को सार्थक बनाए।


सिरसा। सफाई अभियान चलाते कर्मचारी।

प्रतिभा | उड़ीसा में हुई नेशनल जूनियर चैंपियनशिप जीता सिल्वर मेडल

## भूथनकलां की रितिका ने देशभर में चमकाया फतेहाबाद का नाम

रितिका का गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने अभिनंदन किया और बधाई दी

■ जिला स्तरीय और करनाल में स्टेट लेवल के ट्रायल में भी रितिका ने गोल्ड जीता था

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

गांव भूथनकलां की 13 वर्षीय रितिका ताखर ने अपनी प्रतिभा के दम पर जिले का देशभर में नाम चमकाने का काम किया है। रितिका ने उड़ीसा में भुवनेश्वर शहर में 10 से 14 अक्टूबर तक हुई 40वीं नेशनल जूनियर चैंपियनशिप के अंडर-14 एथलेटिक्स मुकाबले में सिल्वर मेडल जीता है। रितिका का गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने अभिनंदन किया और उसे आगे बढने के लिए प्रेरित किया। रितिका के कोच नरेंद्र गढ़वाल ने बताया कि रितिका 600 और 400 मीटर की रनिंग करती है। चैंपियनशिप में उसने 60 मीटर, 600 मीटर और लोंग जंप इवेंट में भाग लिया।

600 मीटर रनिंग में उसने गोल्ड जीता। मगर 60 मीटर रनिंग व लोंग जंप में सिल्वर मेडल मिला। इसका कारण उसका ओवर ऑल मेडल सिल्वर बना। कोच के अनुसार, एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से गांव ढींगसरा में जिला स्तरीय और करनाल में स्टेट लेवल के ट्रायल करवाए गए थे। उनमें रितिका ने गोल्ड जीता था। उसी आधार पर उसका नेशनल लेवल की चैंपियनशिप के लिए सिलेक्शन हुआ। नेशनल चैंपियनशिप उड़ीसा एथलेटिक्स एसोसिएशन के बैनर तले करवाई गई।


फतेहाबाद। कोच नरेंद्र गढ़वाल के साथ एथलेटिक्स प्लेयर रितिका ताखर।

#### राजकीय स्कूल में नौवीं की छात्रा

कोच ने बताया कि रितिका गांव के ही गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ती है। वह करीब ढाई साल से गांव भूथन कलां में ही एकेडमी में ट्रेनिंग कर रही है। अब वह दिसंबर में स्कूल गेम्स फेडरेशन की ओर से होने वाले स्कूली गेम्स में खेलने जाएंगी। उन्हें पूरी उम्मीद है कि उसमें वह गोल्ड मेडल हासिल करेगी। रितिका के पिता ओमप्रकाश ताखर गांव में ही फर्नीचर का काम करते हैं, मां संगीता गृहिणी हैं। रितिका की चार और बहनें व एक भाई है। उसकी बड़ी बहन दीक्षा भी एथलेटिक्स प्लेयर है। रितिका का सपना ओलिंपिक में खेलते हुए देश के लिए गोल्ड मेडल जीतना है।